अध्याय 10: विरासत संरक्षण की अच्छी प्रथाएं

अपनी विश्व विरासत क्षमता निर्माण रणनीति के एक भाग के रूप में, यूनेस्को विरासत संरक्षण में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा कर रहा था। पिछले प्रतिवेदन में, विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय, लंदन और *छत्रपति शिवाजी महाराज वास्तु संग्रहालय*, मुम्बई द्वारा अपनाई जाने वाली प्रथाएं, संग्रहालय प्रबंधन में अच्छी प्रथाओं के उदाहरण के रूप में चर्चा की गई थी। एसएआई ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए गए संरक्षण गतिविधियों के माध्यम से विरासत प्रबंधन में अपनी तकनीकी क्षमता भी दिखाई थी। गुजरात के पाटन में स्थित *रानी-की-वाव* एक बावड़ी में एएसआई द्वारा किए गए बहाली के कार्य को निम्नलिखित तस्वीरों में दर्शाया गया है:

रानी-वी-वाव 11 वीं शताब्दी में बनायी गयी थी। बावड़ी सरस्वती नदी के बाढ़ से भर गई थी और 1940[74] में फिर से खोजे जाने से पहले सदियों तक गाद से भरी हुई थी। एएसआई द्वारा पुनरूद्धार के बाद, इसे 2014 में विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।

[74] स्रोतः एएसआई

सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई परियोजनाएं जैसे *आदर्श* स्मारक, स्मारक *मित्र,* हृदय[75], स्मारक मानचित्रण के इसरो के साथ समझौता, विरासत संरक्षण में एएसआई द्वारा की गई अच्छी पहल के उदाहरण हैं। अनुवर्ती लेखापरीक्षा के दौरान, कुछ विचारणीय मुद्ददों की जांच की गई ताकि सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान की जा सके। उन उदाहरणों, जिसकी नीचे चर्चा की गई है, मंत्रालय द्वारा प्रासंगिक मुद्दों को संबोधित करने में विचार किया जा सकता है।

ए. स्मारकों और पुरावशेषों का डाटाबेस

एनएमएमए द्वारा देश में सभी स्मारकों और पुरावशेषों का डाटाबेस तैयार करने के संबंध में कार्य पिछड़ रहा था। इसी प्रकार, जनता को विभिन्न सूचनाओं को प्रदर्शित करने वाले सभी सीपीएम की एक सूची बनाने के संबंध में पीएसी की शिफारिसों को लागू नहीं किया गया था।

लेखापरीक्षा ने पाया कि पुरातात्विक स्थलों/वस्तुओं का डिजिटल प्रबंधन दुनिया के विश्वविद्यालयों और सरकारों द्वारा की जाने वाली एक पहल है। एक "विरासत सूचना प्रणाली" पूछताछ, अनुसंधान और विरासत प्रबंधन के कार्यों को बेहतर सुविधाजनक बनाने के लिए एक केन्द्रीय डेटावेस तैयार करने के लिए सभी स्मारकों/पुरावशेषों से संबंधित सूचनाओं को संग्रहीत और व्यवस्थित करने के लिए एक ढांचा प्रदान कर सकती है। स्मारकों और पुरावशेषों (प्रक्रियाधीन) के डेटाबेस के साथ समान प्रक्रिया का एकीकरण देश में एक व्यापक और गतिशील विरासत सूचना और प्रबंधन प्रणाली की सुविधा प्रदान करेंगे।

(पैरा 6.1 एवं 6.2)

[75] आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा शुरू की गई विरासत शहर विकास और वृद्धि योजना (हृदय) योजना

बी. स्मारकों के रूप में घोषित पुरावशेष

एएमएएसआर अधिनियम किसी भी सिक्के, मूर्तिकला, पांडुलिपि, पुरालेख या कला/शिल्प कौशल के अन्य कार्य को परिभाषित करता है जिसमें लेख, वस्तु या किसी इमारत या गुफा से अलग की गई वस्तु शामिल है। हालांकि, जैसे कि अनुलग्नक 6.2(डी) में दिखाया गया है एसएआई द्वारा स्वतंत्र स्मारकों के रूप में तोपों, बंदूक की मूर्तियों को भी अधिसूचित किया गया है।

***जहान कोसा* तोप, एक पुरावशेष जिसे स्मारक के रूप में सूचित किया गया**

यह नोट किया गया था कि इराक, जॉर्डन, सीरिया, सऊदी अरब जैसे देशों के प्रासंगिक कानून उसकी प्राचीन वस्तुओं को चल या अचल के रूप में परिभाषित करते हैं। अचल पुरावशेषों को स्मारक के रूप में गलत घोषित करने का मुद्दा (उदाहरण के लिए पत्थर पर खुदी हुई मूर्ति, अचल घुड़सवार तोपों) को चल/अचल के रूप में पुरावशेषों की परिभाषा और अधिसूचना को और विस्तृत करके हल किया जा सकता है।

{पैरा 6.3.4(डी)}

सी. संग्रहालय में पुरावशेषों का प्रबंधन

पुरावशेषों का प्रबंधन उनके अधिग्रहण, उसके बाद परिग्रहण, संग्रहालय गैलरियों में सुरक्षित स्थान, रिजर्व या मूर्तिकला शेड में के साथ शुरू होता है। इस प्रतिवेदन में पुरातनता प्रबंधन पर कई मुद्दों जैसे कलाकृतियों के डाटाबेस की अनुपस्थिति अपूर्ण सौंपने/अधिग्रहण, उनके सत्यापन, भंडारण और प्रदर्शन, को बताया गया है। इस संबंध में, मंत्रालय[76] द्वारा वर्णित संग्रह प्रबंधन का सबसे अच्छा उदाहरण ग्लासगो संग्रहालय संसाधन केंद्र (जीएमआरसी), स्कॉटलैंड में था। मंत्रालय के अनुसार, जीएमआरसी के पास स्कॉटलैड सात क्षेत्रीय संग्रहालयों का प्रबंधन कम्प्यूटरीकृत रिकार्ड, स्थान संग्रहालयों और आपस में जुड़े लगभग 10 लाख वस्तुओं को संग्रहीत करने के लिए एक व्यापक सुरक्षा प्रणाली थी। लेखापरीक्षा द्वारा उठाई गई चिंताओं को कृतियों के उनके प्रबंधन के लिए कम्प्यूटरीकृत डाटाबेस प्रणाली के साथ एक केंद्रीकृत भंडारण केंद्र के माध्यम से समाधान किया जा सकता है।

(पैरा 8.1)

[76] मंत्रालय द्वारा प्रलेखित संग्रहालय हेतु व्यापक सुरक्षा नीति में